हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 2 जनवरी 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 नववर्ष पर नीलकंठेश्वर सहित अन्य मंदिरों में ...



07 आकस्मिकता योजना अत्याचार निवारण...



## नववर्ष 2026: सुरक्षित शुरुआत के लिए विदिशा पुलिस का सघन नाइट गश्त ऑपरेशन

# 340 पुलिस अधिकारी ने 581 ठिकानों पर दी दबिश, 66 होटल-ढाबों और 25 डेरों पर जांच

**31 दिसंबर से 1 जनवरी की रात 12 बजे तक पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए 66 होटल-ढाबों एवं 25 डेरों की चेकिंग की। अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई में 10 प्रकरण दर्ज कर 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा 37.98 लीटर अवैध शराब लब्त की।**



विदिशा। नववर्ष को लेकर चैकिंग के दौरान जांच पड़ताल करते हुए एसपी रोहित काशवानी सहित पुलिस अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नववर्ष–2026 के आगमन को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं अपराधमुक्त वातावरण में संपन्न कराने विदिशा पुलिस द्वारा जिलेभर में 31 दिसंबर को रात में चप्पे-चप्पे पर नजर रखी गई। 1 जनवरी रात 12 बजे तक भी पुलिस की जिलेभर में नजर रही। खबर लिखे जाने तक न्यू ईयर जिलेभर में शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। इस दौरान पुलिस ने आदतन अपराधियों की जांच पड़ताल भी की।

पुलिस महानिरीक्षक देहात जोन भोपाल अभय सिंह एवं पुलिस उप महानिरीक्षक ग्रामीण रेंज भोपाल राजेश सिंह चंदेल के मार्गदर्शन तथा एसपी रोहित काशवानी के नेतृत्व में संचालित इस अभियान में जिले के समस्त थाना क्षेत्रों से कुल 340 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। स्वयं पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियान की सतत निगरानी की गई। उनके साथ 1 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, 5 एसडीओपी एवं 23 थाना प्रभारी मैदान में मौजूद रहे। अभियान के दौरान जिलेभर में 581 ठिकानों पर दबिश दी गई। जिसमें 30 स्थायी वारंट, 99 गिरफ्तारी वारंट एवं 79 जमानती वारंटों की तामिली की गई। इसके साथ ही अपराधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखते हुए 6 जिला बदर व्यक्तियों की जांच, 100 हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी तथा 176 गुंडा-बदमाशों के ठिकानों पर दबिश दी गई।

रात्रिकालीन गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए 66 होटल-ढाबों एवं 25 डेरों की गहन चेकिंग भी की गई। अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई में 10 प्रकरण दर्ज कर 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा 37.98 लीटर अवैध शराब जप्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 20 हजार है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि विदिशा पुलिस नववर्ष में भी जनसुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

# गोशाला में घुसकर तेंदुआ मवेशी उठा ले गया, ग्रामीणों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पठारी क्षेत्र में एक बार फिर तेंदुए की सक्रियता देखी गई है। भाल-बामौरा स्थित एक गोशाला में घुसकर तेंदुआ एक मवेशी को उठाकर ले गया, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई है।

यह घटना बुधवार देर रात ग्राम पंचायत भाल-बामौरा की गोशाला में हुई। तेंदुआ गोशाला में दाखिल हुआ और वहां बंधे एक बीमार मवेशी को उठाकर ले गया। यह पूरी घटना गोशाला में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसका वीडियो सामने आने के बाद ग्रामीणों में भय और आक्रोश है।

ग्रामीणों के अनुसार पिछले लगभग चार महीनों से इस क्षेत्र में तेंदुए की लगातार आवाजाही बनी हुई है। तेंदुआ कई मवेशियों और अन्य जानवरों का शिकार कर चुका है। खेतों में काम कर रहे किसानों से भी कई बार उसका सामना हुआ है, जिससे गांवों में दहशत का माहौल है और लोग रात के समय घर से बाहर निकलने से कतरा रहे हैं।

## सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग



घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने वन विभाग को जानकारी दी है। उन्होंने तेंदुए को जल्द पकड़ने और क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो किसी बड़ी जनहानि की आशंका है। तेंदुए की सक्रियता की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग अलर्ट हो गया है। विभाग द्वारा जंगल से सटे गांवों में मुनादी कराई जा रही है और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। उन्हें रात के समय जंगल की ओर न जाने और अपने मवेशियों को घर के भीतर ही बांधने को कहा गया है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की कि यदि कोई मांसाहारी प्राणी मवेशी का शिकार कर रहा हो, तो वे अपनी जान जोखिम में न डालें। विभाग ने बताया है कि ऐसे मामलों में वन विभाग की ओर से नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा

## खबर संक्षेप

### 149 लावारिस वाहनों की नीलामी तीन को होगी

**विदिशा।** सिविल लाइन थाने में विभिन्न प्रकरणों में जब्त एवं लावारिस अवस्था में पाए गए कुल 149 वाहनों को नीलामी किया जाना है। इन वाहनों की नीलामी प्रक्रिया 3 जनवरी को सुबह 11 बजे बजे थाना सिविल लाइन परिसर में पुलिस एक्ट की धारा 25 के तहत आयोजित की जाएगी। इच्छुक नागरिक निर्धारित समय पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं।

### संकट मोचन हनुमान मंदिर सेवा समिति गठित

**विदिशा।** ग्राम कागपुर में संकट मोचन हनुमान मंदिर सेवा समिति का विधिवत गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से संरक्षक पद पर नागेन्द्र सिंह, अध्यक्ष पद पर निरंकार बघेल, महासचिव रविन्द्र बघेल, कोषाध्यक्ष दीपक रघुवंशी तथा उपाध्यक्ष शिवराम जाटव को दायित्व सौंपा गया। साथ ही समिति की कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। बैठक में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली संगीतमय महाआरती की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई तथा मंदिर संचालन को और अधिक सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके साथ ही ग्रामीणों में धार्मिक समरसता बनाए रखने, सामाजिक एकता को मजबूत करने एवं सकारात्मक विचारों के प्रसार पर भी सहमति बनी। दौरान शंकरलाल जैन, रितेश, गजेंद्र, कपिल, संजय गुप्ता, सोनू गुप्ता, संदीप, जगदीश, चेतन, अमित, संजय, रितिक, गौरव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### विदिशा इंटरनेशनल में खेल महोत्सव समापन

**विदिशा** विदिशा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में एक माह से चल रहे खेल महोत्सव का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. ऐश्वर्या मोदी रहीं। विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. विकास जैन, ज्योति शाह संतोष शर्मा, संतोष चतुर्वेदी, आशीष मोदी प्रशांत रघुवंशी एवं राष्ट्रीय कबड्डी कोच ज्योति ठाकुर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष रघुवीर सिंह, निर्देशक नरेंद्र सिंह, डायरेक्टर शालिनी सिंह, विद्यालय प्रधानाचार्य माधव द्विवेदी सहित अंशिका सिंह, राहुल जालोरी, नितिन ठुकराल, गौरवशरण एवं आशीष चौहान मंचासीन रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा और खेलों के संतुलन को जीवन में आवश्यक बताया। विद्यार्थियों ने क्रिकेट, कबड्डी, बास्केटबॉल, ताइक्वांडो, टग ऑफ वार सहित विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन किया।

### समग्र शिक्षा अभियान की वार्षिक कार्य योजना 2026-27 पर बैठक हुई

**विदिशा।** समग्र शिक्षा अभियान की वार्षिक कार्य योजना 2026-27 के निर्माण को लेकर बैठक अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विद्यालयों के अधोसंरचनात्मक विकास, शत-प्रतिशत नामांकन, बालिका शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, आईसीटी लैब स्थापना तथा दिव्यांग विद्यार्थियों की शिक्षा पर चर्चा कर योजनाओं को स्वीकृति दी गई।

### जिले को आत्मनिर्भर बनाने कमेटी गठित

**विदिशा।** जिले में दलहनी फसले चना, मूंग, उड़द आदि के उत्पादन में वृद्धि तथा जिले को दाल उत्पादन में आत्म निर्भर बनाने कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया। जिसमें कलेक्टर के साथ-साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, कृषि एवं संबद्ध विभाग, कृषि महाविद्यालय, नाबार्ड,फार्म प्रोड्यूसर कंपनी, उन्नत कृषक आदि को सम्मिलित किया गया है। इस कमेटी का दायित्व होगा कि जिले को दलहन उत्पादन एवं उत्पादकता में कैसे आगे बढ़ाया जाए, उसके लिए प्लान तैयार करना।

## नववर्ष के पहले दिन रंगई मंदिर में उमड़े श्रद्धालु




विदिशा। नववर्ष पहले दिन रंगई स्थित हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। परिवारों के साथ आए श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश और बजरंगबली के दर्शन कर सुख–समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी आज अहमदपुर और ग्राम ठर्र में चौपाल लगाकर करेंगे किसानों व बेरोजगारों से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी आज शुक्रवार को विदिशा के ग्राम अहमदपुर और ग्राम ठर्र में किसानों और ग्रामीण जनों से से चौपाल पर चर्चा करने आ रहे हैं।

जहां वह केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा के तहत ग्रामीण रोजगार देने वाली गारंटी योजना जो पूर्व की डॉ मनमोहन सिंह सरकार द्वारा देश के बेरोजगार ग्रामीण जनों को उपलब्ध कराई गई थी को भाजपा की मोदी सरकार द्वारा षडयंत्र पूर्वक परिवर्तन कर ग्रामीण रोजगार को छीना जा रहा के संबंध में चर्चा करेंगे। रोजगार की डिमांड को व्यवस्थित रूप से कमजोर किया है। वहीं प्रदेश सरकार की 40% हिस्सेदारी लागू कर काम की कानूनी रूप से लागू होने वाली केंद्र सरकार की गारंटी को हटा दिया है।

केंद्र की भाजपा सरकार के ग्रामीण रोजगार को खत्म करने के षडयंत्र को ग्रामीणों में चर्चा के माध्यम से अवगत कराया जाएगा। प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी आज शुक्रवार को दोपह 1 बजे विदिशा के अहमदपुर और ग्राम ठर्र पहुंचेंगे। प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर विदिशा जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने सभी से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या पहुंचकर सफल बनाने की अपील की है। यह जानकारी नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि साहू ने दी।

### बासौदा में वर्ष का प्रथम शिविर आयोजित हुआ

**विदिशा।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत इस वर्ष का पहला शिविर बासौदा जनपद पंचायत क्षेत्र में आयोजित किया गया। यह शिविर ग्राम पंचायत बरखेड़ी त्योदा एवं चुल्हेटा ग्राम में एक साथ संपन्न हुए। शिविरों का उद्देश्य जनजातीय समुदायों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना तथा पात्र हितग्राहियों को आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराना रहा। शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई तथा मौके पर ही आवेदनों का निराकरण किया गया। आधार, समग्र आईडी, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, पेंशन, स्वास्थ्य परीक्षण, कृषि, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शिविर स्थल पर उपस्थित ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान सुनिश्चित किया।

# अंतिम विदाई निकली साथ, पति वियोग में चंद मिनट अंतराल से पत्नी का निधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर



ग्यारसपुर तहसील के ग्राम धर्मपुर में पति-पत्नी के अटूट प्रेम, विश्वास और जीवनभर के साथ की ऐसी मिसाल देखने को मिली, जिसने पूरे क्षेत्र को भावुक कर दिया।

धर्मपुर निवासी 110 वर्षीय खिलान सिंह कुशवाह के आकस्मिक निधन के कुछ ही मिनट बाद उनकी धर्मपत्नी लाड़ो बाई कुशवाह 95 वर्ष ने भी पति के वियोग में अपने प्राण त्याग दिए। परिजनों के अनुसार जैसे ही खिलान सिंह ने अंतिम सांस ली पत्नी लाड़ो बाई उन्हें निहारती रहीं और कुछ ही क्षणों में वे भी शांत हो गईं। दंपति के पुत्र सीताराम कुशवाह, प्रहलाद कुशवाह, नरेश कुशवाह एवं राजू कुशवाह ने बताया कि माता-पिता का आपसी प्रेम और जीवनभर का साथ इतना गहरा था कि एक के बिना दूसरे का रह पाना संभव नहीं हो सका। यह दृश्य देखकर पूरा परिवार शोक और भावनाओं से भर उठा।इस हृदयविदारक घटना की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों लोग श्रद्धांजलि देने पहुंचे। पति-पत्नी का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया, जहाँ उपस्थित जनसमूह ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना की,अंतिम संस्कार में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

सभी की आंखें नम थीं और हर जुबां पर यही चर्चा थी कि यह दंपति सच्चे अर्थों में जीवन और मृत्यु तक एक-दूसरे का साथ निभाने की मिसाल बन गया।यह घटना न केवल ग्राम धर्मपुर, बल्कि पूरे ग्यारसपुर क्षेत्र में पति-पत्नी के अटूट प्रेम, समर्पण और विश्वास की अविस्मरणीय कहानी बन गई है, जिसे लोग वर्षों तक याद रखेंगे।

# पत्रकारों पर हमले के विरोध में आया उबाल, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

## कुरवाई में पत्रकारों ने निष्पक्ष जांच व पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई



सिरोंज के पत्रकार प्रमोद रघुवंशी एवं जी न्यूज़ के पत्रकार प्रमोद शर्मा पर हुए हमले और गधमकियों के विरोध में क्षेत्र के पत्रकारों में आक्रोश देखा गया। पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल ने कुरवाई एसडीएम मनीष जैन एवं एसडीओपी रोशनी ठाकुर को मुख्यमंत्री, कलेक्टर एवं एसपभ् नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि कुछ आपराधिक तत्वों द्वारा पत्रकार प्रमोद रघुवंशी पर बार-बार जानलेवा हमले किए जा रहे हैं और उन्हें लगातार धमकियां दी जा रही हैं। हाल ही में सिरोंज थाना क्षेत्र की घटना में वे गंभीर रूप से घायल हुए। वहीं दूसरी ओर पत्रकार प्रमोद शर्मा एवं उनके साथी कैमरामैन के साथ अभद्रता और मारपीट की गई, जो पत्रकारों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती है। पत्रकारों ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और उस पर हमला लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा आघात है। ज्ञापन में दोनों घटनाओं की निष्पक्ष जांच, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान, दोषियों पर सख्त कार्रवाई, फास्ट ट्रैक प्रक्रिया अपनाने तथा मध्यप्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की गई।

# विदिशा में नए साल पर 4500 लोगों को दूध पिलाया: शराब छोड़ने और स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया, पिछले 5 वर्ष से परंपरा जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। नीमताल चौराहे पर युवाओं को दूध वितरित करते हुए आदर्श तिवारी और आसरा अपनों का की टीम।

नए साल के स्वागत के अवसर पर आसरा अपनों का सामाजिक संगठन के युवाओं ने शहर में लोगों को शराब छोड़ने और स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया।

31 दिसंबर को शाम 7 बजे से रात तक नीमताल चौराहे पर आयोजित इस अनूठी पहल में लगभग 4500 लोगों को केसर वाला दूध पिलाया गया। युवाओं ने स्टॉल पर राहगीरों और स्थानीय लोगों को केसर वाला दूध पिलाते हुए संदेश दिया कि शराब से नाता तोड़ो और दूध से नाता जोड़ो। उन्होंने बताया कि दूध शारीरिक शक्ति का स्त्रोत है, जबकि शराब स्वास्थ्य, परिवार और समाज के लिए हानिकारक है। इस दौरान युवाओं ने लोगों को यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित जीवन जीने के लिए भी जागरूक किया। अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने युवाओं का उत्साह बढ़ाने के लिए लोगों को दूध पिलाया और मुहिम का समर्थन किया।

### 5 सालों से जारी परंपरा, उद्देश्य- नशे से दूर समाज

आसरा अपनों का के संचालक आदर्श तिवारी ने बताया कि पिछले पांच वर्षों से नववर्ष पर यह पहल की जा रही है। इस वर्ष लगभग 600 लीटर दूध वितरित किया गया। युवाओं का मुख्य उद्देश्य समाज को नशे से दूर रखकर स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करना है। युवाओं ने बताया कि शराब का सेवन लीवर, दिमाग और दिल पर नकारात्मक प्रभाव डालता है, सड़क दुर्घटनाओं का जोखिम बढ़ाता है और पारिवारिक कलह उत्पन्न करता है। उनका मानना है कि अगर हर व्यक्ति नए साल पर एक अच्छी आदत अपनाए, तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

### नए साल पर माला देवी के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब, पर्यटकों ने ग्यारसपुर की विरासतों को निहारा

**ग्यारसपुर।** अपनी समृद्ध ऐतिहासिक धरोहर, धार्मिक आस्था और अद्भुत स्थापत्य कला के लिए पूरे प्रदेश में विशेष पहचान रखता है। नए साल के पहले दिन 1 जनवरी को यहां स्थित प्राचीन माला देवी मंदिर पर परंपरागत मेले का आयोजन हुआ, जिसमें दूर–दराज से आए हजारों पर्यटकों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पर्यटकों ने माला देवी के दर्शन कर नववर्ष की मंगलमय शुरुआत की और ग्यारसपुर की ऐतिहासिक विरासतों को नजदीक से देखा। माला देवी मंदिर के साथ–साथ हिंडोला तोरण द्वार, बाजार मठ, सूर्य मंदिर, आठ खम्मा, ढैकीनाथ बौद्ध स्तूप, मानसरोवर तालाब, मां बिजासन देवी मंदिर, राम–जानकी मंदिर, बांके बिहारी मंदिर सहित अन्य ऐतिहासिक स्थलों पर भी पर्यटकों की भीड़ रही।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-5450
सरसों
न्यूनतम भाव-6390
उच्चतम भाव-7280
चना
न्यूनतम भाव- 3200
उच्चतम भाव- 5580
मसूर
न्यूनतम भाव-5450
उच्चतम भाव-6400
ज्वार
न्यूनतम भाव-1100
उच्चतम भाव-6400
मक्का
न्यूनतम भाव-1206
उच्चतम भाव- 1656
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2851
उच्चतम भाव-3206
धान
न्यूनतम भाव-1750
उच्चतम भाव-3721
उड़द
न्यूनतम भाव-6100
उच्चतम भाव-6185
बटरी
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-2600
गेंहू
न्यूनतम भाव-2381
उच्चतम भाव-3155

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 14686 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# नए वर्ष में मां शारदा के चरणों में दी आस्था की हाजिरी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आस्था जब परंपरा बन जाए और सेवा संकल्प का रूप ले ले, तब यात्राएं केवल दूरी नहीं तय करतीं, बल्कि सनातन धर्म में श्रद्धा और भक्ति के साथ पीढ़ियों को भी जोड़ने का संदेश देती हैं। कुछ ऐसा ही दृश्य मां शारदा की नगरी मैहर में देखने को मिला, जहां नगर के मां शारदा सेवा मंडल का 31 दिसंबर को चुनरी यात्रा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के साथ संपन्न हुआ। 1 जनवरी को कन्या पूजन और भंडारे के साथ नए वर्ष की पहली वंदना मां शारदा के चरणों में अर्पित करते हुए श्रद्धालुओं ने एक स्वर में कहा कि "जग रूठे तो रूठे, मैहर वाली न रूठे।" 25 वर्षों से निरंतर मैहर धाम तक पहुंच रही आस्था से भरी भक्ति यात्रा का आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विश्वास, अनुशासन और सामाजिक समरसता का प्रतीक बन चुका है। रजत जयंती वर्ष में इस यात्रा को और भी व्यापक स्वरूप मिला। इस वर्ष 300 यात्रियों का जत्था मां की चुनरी लेकर मैहर धाम पहुंचा। यात्रा की विशेषता यह रही कि यात्री क्रमांक एक से लेकर अंतिम यात्री तक सभी श्रद्धालुओं ने मां की भेंट गाते हुए पैदल यात्रा पूरी की। जयकारों, भजनों और शंखनाद के बीच श्रद्धालु मां शारदा के मंदिर भवन तक पहुंचे। इस अवसर पर मां शारदा सेवा मंडल के संस्थापक मनीष अरोरा का मैहर के नागरिकों द्वारा चुनरी यात्रा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष रूप से सम्मान किया गया। मैहर के केसरवानी वैश्य समाज की ओर से अध्यक्ष दुर्गा गुप्ता, महामंत्री अशोक व अभिलाषा गुप्ता, कोषाध्यक्ष गगन गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, ईशु सुरभि गुप्ता, ओशो करिश्मा गुप्ता, आयुषी-सत्यम द्वारा शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर मनीष अरोरा का सम्मान किया गया। मां शारदा सेवा मंडल द्वारा मैहर यात्रा के तीर्थ यात्रियों का रजत अभिनंदन पत्र देकर सम्मान किया गया। दो दिवसीय इस धार्मिक कार्यक्रम में नगर के अलावा विदिशा, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, बैरसिया, प्रयागराज, बनारस, अमरावती, महाराष्ट्र नागपुर, रीवा, मैहर, बैतूल सहित मंडल से जुड़े हुए अन्य जिलों देवी भक्ति भी सम्मिलित हुए। भंडारे में 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को गुलाब जामुन, पूड़ी, सब्जी, हलवा चना, सेव, की प्रसादी बांटी गई। मां शारदा के दरबार में 12 कन्याओं का पूजन किया गया। कन्याओं को नवीन वस्त्र एवं चुनरी धारण कराई गई, उनका विधिवत पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया।

श्रद्धालुओं ने इसे नए वर्ष की सबसे शुभ शुरुआत बताया। मंदिर परिसर में पहुंचकर देवी मां को चुनरी अर्पण की गई। पूजन-अर्चन पंडित शिव ओम दुबे शास्त्री, लक्ष्मीनरायण शर्मा, हरि नारायण शर्मा द्वारा वैदिक विधि-विधान से संपन्न कराया गया। मंदिर में 25 फीट ऊंची धर्म ध्वजा मंदिर के शिखर पर अर्पित की गई।

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया का जन्मदिवस सेवा दिवस के रूप में मनाया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह खड़ेर के द्वारा नौ देवी पिपलेश्वर मंदिर पर निःशक्तजनों को भोजन प्रसादी करवाकर मनाया गया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री की दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य को लेकर भी प्रार्थना एवं मंगल कामनाएं की गईं। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह खड़ेर ने बताया कि सिंधिया परिवार पिछले 400 साल से लगातार देश सेवा में लगा हुआ है जो काम आज भी केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा निरंतर देश सेवा में अग्रसर रहकर किया जा रहा है। उनका मार्गदर्शन सदैव हम लोगों को मिलता रहे ऐसी ईश्वर से प्रार्थना है। कार्यक्रम में सिंधिया फैंस क्लब के उपाध्यक्ष रामबाबू राजपूत, प्रताप भानु सिंह राजपूत, लखन सिंह बघेल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सुबह से लेकर शाम तक नगर में होते रहे धार्मिक आयोजन

# नववर्ष पर नीलकंठेश्वर सहित अन्य मंदिरों में उमड़ी लोगों की भीड़

लगभग 35 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने उदयपुर स्थित भगवान नीलकण्ठेश्वर महादेव के किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा


गंजबासौदा। नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन करने उमड़ा जनसैलाब


गंजबासौदा। दर्शन करने लगी लंबी कतारें


गंजबासौदा। शीतला शक्तिधाम में देर रात तक उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

गुरुवार को नववर्ष का स्वागत लोगों ने अपने-अपने तरीके से किया। एक ओर जहां लोगों ने भगवान का भजन-पूजन एवं प्रसादी वितरण के साथ अन्य धार्मिक आयोजन संपन्न कराए।

वहीं कुछ लोगों द्वारा अपने परिजनों एवं मित्रों के साथ खेत, नदी, तालाब किनारे पहुंचकर दाल, बाटी का आनंद लिया। नव वर्ष के चलते सुबह से उदयपुर स्थित नीलकण्ठेश्वर महादेव मंदिर, गमाखर स्थित शिव मंदिर, सिरनोटा, घटेरा, नौखली धाम, मुरादपुर, शीतला शक्तिधाम सहित अन्य स्थानों पर देर रात्रि तक श्रद्धालुओं की पूजन अर्चन करने भीड़ लगी रही। इसके अलावा नववर्ष पर बडी संख्या में नागरिकों ने अपने बच्चों और परिवार सहित रामलीला मेले में पहुंचकर मेले का आनंद उठाया। उदयपुर स्थित नीलकण्ठेश्वर महादेव मंदिर में लगभग 35 हजार श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजन अर्चन की। प्रवीण शर्मा ने बताया कि इस वर्ष प्रशासन द्वारा मंदिर परिसर में दर्शन करने के लिए उचित व्यवस्था की गई थी। लेकिन मंदिर के गर्भगृह में दर्शन करने महिला, पुरुषों को दर्शन करने के लिए एक ही द्वार से प्रवेश कराया गया। जिससे महिलाऐं भींड के कारण दर्शन करने में अपने आपको असहज महसूस करती रहीं। महिलाओं ने आगामी त्यौहार मकर संक्रांति एवं अन्य त्यौहारों में मंदिर परिसर में महिला, पुरुषों के लिए अलग अलग व्यवस्था कराए जाने की मांग की। नववर्ष के चलते सुबह से लेकर देर रात तक सड़कों पर लोंगों की भीड़भाड़ देखी गई।

## पिपलेश्वर मंदिर में महिला संगठन का निरंतर 12 वर्षों से चल रहा सुंदरकांड




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

महिला संगठन द्वारा 1 जनवरी 2014 को पिपलेश्वर मंदिर में कुछ महिलाओं द्वारा सुंदरकाण्ड की शुरुआत की गई थी। जो आज हर घर में गूंज रहा है। लगातार 12 वर्षो से सुन्दर काण्ड पाठ किया जा रहा है। यह विचार लाने वाली प्रमुख महिलाओं में अनुराधा परमार एवं रचना राजपूत है। आज यह समूह विशाल हो गया है, हर वर्ष की तरह 1 जनवरी को सालगिरह मनाइ गई। जिसमें सुन्दर काण्ड, भजन के पश्चात भंडारे का आयोजन हुआ। इस अवसर पर अनुराधा परमार, अनीता राजपूत, रचना राजपूत, प्रभा राजपूत, रंजीता सिंह, अंजू यादव, सुनीता दुबे, बबीता राठौर, रमा चौकसे, संगीता गुप्ता, बबीता गुप्ता, किरन सोलंकी, ममता माथुर, लक्ष्मी रघुवंशी उपस्थित रहीं।

## खबर संक्षेप

### एनसीसी कैडेट दिल्ली परेड में हुआ चयन



**गंजबासौदा।** नगर के शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट और अंडर ऑफिसर सत्यम त्रिवेदी का चयन कर्तव्य पथ गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली के लिए हुआ। सत्यम त्रिवेदी 26 जनवरी को दिल्ली में गणतंत्र दिवस की परेड में भाग लेंगें। सत्यम त्रिवेदी कैडेट कर्नल विकास गुप्ता, शौर्य चक्र कमांडिंग ऑफिसर 14 एमपी बटालियन विदिशा के निर्देशन में लगातार प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। उसकी लगन और मेहनत से यह अवसर मिला है। एनसीसी अधिकारी मनीष दुबे ने बताया कि कैडेट आरडीसी सिलेक्शन के लिए जोश और जुनून के साथ लागतार प्रयास कर रहे थे एवं कई कैंपों में सिलेक्शन होने के बाद इस मुकाम तक पहुंचे हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने इस सफलता पर 14 एमपी बटालियन के एडम अफसर लेफ्टिनेंट कर्नल सनी वैध एवं सूबेदार मेजर हृदय रंजन ने भी बधाई दी। एनसीसी कैडेट के चयन पर महाविद्यालय परिवार ने बधाई प्रेषित की हैं।

## नवांकुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के वार्षिक शिविर का हुआ भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर इकाई द्वारा आजाद नगर में आयोजित सप्त दिवसीय विशेष वार्षिक शिविर का गुरुवार को भव्य समापन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष और समाजसेवी कांतिभाई शाह मुख्य अतिथि के रूप में, नवांकुर तपोवन भूमि के दानदाता-भामाशाह कैलाश रघुवंशी अध्यक्ष के रूप में, आरएसएस के जिला संयोजक समाजसेवी विनोद शाह, समाजसेवी सतीश जैन, राधेश्याम साहू, नवांकुर के पूर्व स्काउट मास्टर, स्काउट में राष्ट्रपति पुरस्कार तक पहुंचाने वाले शिक्षक रामबाबू रघुवंशी, विजय रघुवंशी,नवांकुर के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित, वरिष्ठ शिक्षक पहलवान सिंह राजपूत संदीप कुमार रावत तथा केशव लाहौरी मंचासीन थे। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी अभिषेक मिश्रा द्वारा अतिथियों के स्वागत में भाषण प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा आकर्षक एवं मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर आकर्ष शर्मा ने भाषण, विनायक गौर ने कविता, ऋषिका रघुवंशी ने नृत्य, स्वयं सेविका बालिका द्वारा नुक्कड़ नाटक- सिंगल यूज प्लास्टिक तथा बंगाली नृत्य प्रस्तुत किया।

स्वयसेवक हर्षित दीक्षित द्वारा अतिथियों से सात दिवसीय शिविर दर्पण का अनावरण करवाया गया। अतिथि उद्बोधन की श्रृंखला में आरएसएस के जिला संयोजक विनोद शाह ने सभी स्वयंसेवकों को एकता से रहने और समरसता का भाव अपनाने के लिए प्रेरित किया। समाजसेवी सतीश जैन ने कहा कि हम सब भारतीय हैं। मुख्य अतिथि कांतिभाई शाह ने अनुशासन का पालन करने और मोदीजी के निर्णयों का समर्थन करने की हिदायत दी। अन्य अतिथियों द्वारा भी स्वयंसेवकों को संबोधित किया गया। सहायक रासेयो प्रभारी विनय सोनी ने जय जगत पुकारे जा गीत प्रस्तुत किया।

अतिथियों द्वारा स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों को स्वयंसेवकों द्वारा ग्रीटिंग कार्ड भेंट दिए गए। अतिथियों द्वारा खेलों में विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किए गए। इस इस दौरान करीब 50 नन्हें मुन्ने नंदलालों को विनोद शाह द्वारा शर्ट, फ्रॉक, तथा गर्म पोशाकें वितरित की गई। सतीश शाह द्वारा सभी स्वयंसेवकों को तथा 50 ग्रामीण बच्चों को स्टेशनरी सामान सहित बैग भेंट में दिए गए। कांति भाई द्वारा ग्रामीणजनों को 50 कंबलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिश्रा और बालिका इकाई प्रभारी मेघा शर्मा द्वारा अतिथियों को आभार पत्र भेंट देकर आभार व्यक्त किया गया। इस तरह सात दिवसीय शिविर का भव्य एवं आकर्षक समापन समारोह आयोजित किया गया।




## सेंट एसआरएस के स्वयंसेवकों ने जीरो वेस्ट इवेंट्स का किया आयोजन




**गंजबासौदा।** सेंट एसआरएस हायर सेकेंडरी स्कूल के राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने जीरो वेस्ट इवेंट्स का आयोजन किया। यह आयोजन सात दिवसीय आवासीय व जीरो वेस्ट शिविर के रूप में आयोजित हो रहा है। आज चौथे दिन नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव के मुख्य आतिथ्य में पूरी तरह से प्लास्टिक मुक्त व जीरो वेस्ट इवेंट्स के रूप में आयोजित हुआ। उक्त आवासीय शिविर में सुबह से लेकर शाम तक उपयोग होने वाली समस्त सामग्रियों को कैसे अपने पूर्वजों के द्वारा अपनाई जाने वाली तकनीक को अपनाते हुए सुबह की शुरुआत दातुन से तथा नास्ता व भोजन स्टील तथा अल्युमिनियम अथवा लोहे के बर्तनों का उपयोग करने की बात कही। शिविर में निकले गीले कचरे को गाय व अन्य जानवरों को खिलाकर उसे वहीं पर उपयोग में लाना तथा बचे हुए भोजन को गरीबों में बांट देना, अन्य अनुपयोगी सामानों को नगर पालिका की स्वच्छता गाड़ी में देकर पूरे कैंपस को जीरो वेस्ट बनाकर शहर को यह संदेश देने का प्रयास किया गया। कैसे हम अपने प्रतिष्ठान, संस्थान एवं घरों को जीरो वेस्ट की तरफ ले जा सकते हैं, किस तरह से हम कूड़े को कम कर सकते हैं, कैसे हम अपने यहां से निकलने वाले गीले कचरे से कंपोस्ट तैयार कर सकते हैं आदि विषयों से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा को भी रखा गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवकों द्वारा प्रत्येक दिन अलग-अलग समुदाय में पहुंचकर शहर के स्वच्छता, नशा मुक्ति, जल स्त्रोतों की साफ सफाई, शासन की विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार, गंदी व मलिन बस्तियों में क्लीनअप ड्राइव, स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए शिविर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हो रहा है। आज जीरो वेस्ट इवेंट्स के इस आयोजन में मंचासीन अतिथियों के द्वारा अपने अपने विचार रखे गए। कार्यक्रम में प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी राजेश नेमा, फीडबैक फाउंडेशन के प्रोजेक्ट मैनेजर भरत कान्त द्विवेदी व उनकी टीम, विद्यालय संचालक एवं स्टाफ तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### मौत का कुआं, बड़े-बड़े झूले बने आकर्षण का केंद्र

# श्रीराम लीला मेले में उमड़ रहा जनसैलाब





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इस बार रामलीला मेले में मौत का कुआ, कमल झूला, ब्रेक डांस, मिकी माउस, ट्रेन, बोट सहित अन्य मनोरंजन के साधन उपलब्ध हैं। वहीं प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रामलीला का मनोहारी मंचन किया जा रहा है। जिसे देखने प्रतिदिन बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मेले में चाट, कचौडी, रसगुल्ले, पिज्जा सहित तरह तरह के खानपान की दुकानें भी सजी हैं। महिलाओं के सामान, सौंदर्य प्रसाधन की दुकानें, क्रॉकरी, घरेलू सामान, बर्तन, कपडों, बैग आदि की दुकानों की भी भरमार है। आज नववर्ष पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से भी बडी संख्या में नागरिक परिवार सहित मेले में पहुंचे और वहां खरीददारी कर, झूले एवं मनोरंजन साधनों का उपभोग कर मेले का भरपूर आनंद उठाया। जिससे मेले में भारी भीड भाड रही। मेले में आयोजित हो रही श्रीराम लीला में वृंदावन से आई रामलीला मण्डली द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है। जिसमें गुरुवार को रावण, बाणासुर संवाद और लक्ष्मण, जनक संवाद और लक्ष्मण परशुराम संवाद का मंचन रामायण मंडली के कलाकारों द्वारा किया गया। रामलीला देखने के लिए नगर सहित ग्रामीण अंचलों से सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालुगण रामलीला देखकर धर्मलाभ ले रहे हैं।

## सत्संग सब तीर्थो में उत्तम तीर्थ है



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

1008 सतगुरु स्वामी सुमेरपुरी महाराज की 68 वीं वरसी महोत्सव के कार्यक्रम में त्योंदा रोड सिन्धी कालोनी मन्दिर में स्वामी कमलपुरी गोस्वामी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जब जब संत जगत में आते हैं। राम नाम का गुणगान कर जीवन की नैया पार करते हैं। कार्यक्रम में इंदौर से पधारे महेशपुरी गोस्वामी ने भी अपनी वाणी से कथा में पधारे भजनों के माध्यम से कृतार्थ किया। उन्होंने कहा कि जब इंसान के पास सुख होता है, तब सब पास होते हैं और जब दुख आता है अपने ही दूर हो जाते हैं। उस वक्त सिर्फ प्रभु और सतगुरु ही साथ होते हैं अगर गुरु नहीं होते तो ज्ञान कैसे प्राप्त होता। बिना सेतु के सागर को भी लान्घ सके न राम लान्घ गए हनुमान उसी को लेकर राम का नाम -राम से बड़ा राम का नाम, रामसेतु के बारे में और भी विस्तार से अपनी बात रखते हुए कहा कि राम नाम के पत्थर भी तैरते हैं। इस अवसर पर लालचंद वासवानी, सत्यपाल तनवानी, जमीयत राय तनवानी, नानक मामा सुरेश तनवानी, प्रदीप खटवानी, हशमत राय माधवानी मौजूद रहे।

## स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम का हुआ उदघाटन

**गंजबासौदा।** सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ अनामिका प्रजापति ने किया। उन्होंने छात्राओं को कौशल विकास के लिए प्रेरित किया। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ पुष्पा बरडे ने छात्राओं को व्यक्तित्व विकास के विषय में जानकारी दी। शासकीय कन्या महाविद्यालय में स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम के अंतर्गत उन्नति फाउंडेशन बेंगलुरु के द्वारा 1 जनवरी से 30 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### पत्रिकाओं और पुस्तकों के पाठन की सुविधा का शुभारंभ किया

**सागर।** अब पाठकों को अखबारों के साथ साथ प्रतियोगी परीक्षा की पत्रिकाएं, राजनैतिक एवं साहित्यिक पत्रिकाएँ पढने मिलेगी। संस्था के अध्यक्ष के के सिलाकारी वरिष्ठ अधिवक्ता, सचिव शुकदेव प्रसाद तिवारी, कोषाध्यक्ष आर एस यादव, उपाध्यक्ष जीएल छत्रसाल की उपस्थिति में मां सरस्वती के पूजन अर्चना के बाद शुभारंभ हुआ। वर्तमान में युवाओं का पुस्तकों के प्रति रुझान कम हो रहा है, मोबाइल ने पुस्तकों के प्रति रूचि कम की है । ट्रस्ट ने यह कदम इसलिए उठाया की युवाओं का रुझान पुन पुस्तकों के प्रति बने, पुस्तकों का अध्ययन बहुत जरूरी है उन्होंने कहां कि डॉ अम्बेडकर का यह वाक्य हमेशा स्मरण में आता है की विद्या शेरनी के दूध के समान है जो पियेगा वह दहाडेगा। यह विचार संस्था के सचिव एवं पूर्व शिक्षक प शुकदेव प्रसाद तिवारी ने व्यक्त किये। उन्होंने आशा की है कि लोग इस सुविधा का लाभ उठाये। इस अवसर पर हरी चौबे, राजू नामदेव, साजिद खान, पियुष कोष्ठी, रामदीन, सौरभ वाल्मीकि, रमेश सैनी, सहित लोग उपस्थित हुए

### सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु किया जाएगा सड़क सुरक्षा मित्र का चयन

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने अभिनव पहल करते हुए सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु जिले की प्रत्येक ग्राम/वार्ड में सभाओं का आयोजन 2 जनवरी को किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सागर, आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर, अनुविभागीय अधिकारी (समस्त) जिला सागर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत जिला सागर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका/नगर परिषद जिला सागर को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु प्रत्येक ग्राम/वार्ड से दो-दो सड़क सुरक्षा मित्र का चयन किया जाएगा।

कोर्ट द्वारा दोष मुक्त प्रकरणों में राहत राशि वसूलने के दिए गए निर्णय का पालन सुनिश्चित करें

# आकस्मिकता योजना अत्याचार निवारण अंतर्गत राहत राशि का वितरण संवेदनशीलता के साथ त्वरित रूप से किया जाए: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



कोर्ट द्वारा दोष मुक्त प्रकरणों में राहत राशि वसूलने के दिए गए निर्णय का पालन सुनिश्चित करें एवं अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर संदीप जी आर की अध्यक्षता मे आयोजित की गई जिसमें अधिनियम अंतर्गत कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर पर पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल, सहायक आयुक्त अनुसूचित जाति जनजाति सुधीर श्रीवास्तव, नरेंद्र अहिरवार सहित अन्य समिति के सदस्य मौजूद थे।

कलेक्टर संदीप जी आर ने निर्देश दिए गए कि राहत राशि का वितरण संवेदनशीलता के साथ त्वरित रूप से किया जाए। विभाग द्वारा राहत राशि के ऑनलाइन स्वीकृति की प्रणाली विकसित की गई है इसकी प्रारंभिक शुरुवात गोपालगंज थाने में दर्ज प्रकरण के माध्यम से किया जाए। आवंटन उपलब्ध कराने के लिए मुख्यालय को पत्र लिखा जाए। कोर्ट ने अधिनियम अंतर्गत जिन प्रकरणों में दोष मुक्त होने पर पूर्व में दी गई राहत राशि वापस लेने का निर्णय दिया है ऐसे प्रकरणों में राहत राशि की वसूली की कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र के अभाव में लंबित प्रकरणों के लिए संबंधित एसडीएम को सूची प्रदान कर उनके माध्यम से जाति प्रमाण पत्र को समय सीमा में बनवाया जाना सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा बैठक में म.प्र. आकस्मिकता योजना अत्याचार निवारण अंतर्गत राहत राशि का विवरण, जिला कार्यालय में राहत के लंबित प्रकरणो की संख्या/ पुलिस मे लंबित प्रकरणो की संख्या, अनुसूचित जाति/ जनजाति अत्याचार निवारण अंतर्गत पुलिस में लंबित प्रकरणो, पुनर्वास अंतर्गत गवाहों को यात्रा भत्ता / भरण पोषण/मजदूरी क्षतिपूर्ति, अत्याचारण निवारण नियम 1995 के नियम 4 (2) के अंतर्गत जिला मजिस्ट्रेट/विशेष लोक अभियोजको के कार्यों की समीक्षा, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम 1989 के अंतर्गत पुलिस द्वारा पंजीबद्ध और निपटाये गए, अत्याचार निवारण नियम 1989 के नियम 10 के पालन में विशेष अधिकारी की नियुक्ति, अपील योग्य प्रकरण, जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानिटरिंग समिति बैठकों की जानकारी वर्ष 2025, अत्याचार निवारण नियम 1995 के नियम 7 के पालन में अधिनियम के अधीन किये गये अपराधो के अन्वेषण अधिकारियों की नियुक्ति पर चर्चा की गई।




### नए वर्ष में गढ़ाकोटा में मनाया रक्त उत्सव

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा नये वर्ष पर दान की परंपरा को निभाते हुए गढ़ाकोटा नगर के रक्तवीरों और रक्त वीरांगनाओं ने इस शुभ आगमन रक्तदान शिविर में रक्तदान किया। 1 जनवरी सुबह सदभावना रक्तदान सेवा समिति के संयोजन में बजाजी मैदान में नये वर्ष के शुभ आगमन रक्तदान आयोजित किया गया। जिसमें जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक टीम ने रक्त संग्रहण का कार्य किया, रक्त कोष प्रभारी डॉक्टर महेश जैन, ब्लड बैंक काउंसलर प्रीति जैन, लैब टेक्नीशियन प्रेरणा गोयल, सत्यम सोनी सहायक अनुरागी सहित लगभग 12 लोगों की टीम ने रक्त संग्रहण के कार्य को पूर्ण कराया। कार्यक्रम में दो पति-पत्नी जोड़े सहित अन्य मातृ शक्तियों एवं युवाओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में समिति संयोजक अमित सोनी सहित संतोष सेन, नमन गुप्ता, अवधेश हजारी, रिंकू,देवेंद्र राजपूत, कमल अहिरवार वरिष्ठ समाजसेवी प्रीताम्बर सोनी, मनोज राजपूत, मनोज पटेल, राहुल दुबे, रवि रैकवार, अकील खान आदि का सहयोग रहा।



### संगीत विभाग के गगन राज बने संगीत के सबसे कम उम्र के सहायक प्राध्यापक

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के गगन राज ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) 2025 की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सहायक प्राध्यापक के पद पर चयनित होकर इतिहास रच दिया है। वे हाल के वर्षों में इस पद पर चयनित होने वाले सबसे युवा अभ्यर्थियों में शामिल हैं। गगन राज की इस उपलब्धि पर उनके पिता थान सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस सफलता में परिवार के सहयोग के साथ-साथ गुरुओं का विशेष आशीर्वाद और मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने इसे ईश्वर की कृपा और गुरुजनों की देन बताया। गगन राज के गुरु डॉ. राहुल स्वर्णकार ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और कहा कि यह सफलता उनके निरंतर परिश्रम और संगीत के प्रति समर्पण का परिणाम है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वाई.एस. ठाकुर ने भी गगन राज को बधाई देते हुए उनके शैक्षणिक जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## निगम कर्मचारियों को वेतन न मिलने पर कर्मचारी संघों का गांधीवादी तरीके से आंदोलन जारी

### चौथे दिन जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों को फूलमाला भेंट कर विरोध प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



नगर निगम कर्मचारियों को वेतन सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर नगर निगम कर्मचारी संघ द्वारा गांधीवादी तरीके से आंदोलन किया जा रहा है। आंदोलन के चौबे दिन निगम कार्यालय में जनप्रतिनिधियों एवंविभिन्नप्रशासनिक अधिकारियों को फूलमाला भेंटकर अपने उत्तरदायित्व को याद दिलाने के लिये विरोध प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत, सईद उद्दीन कुरैशी, आनंद मंगल गुरु एवं कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक ने संयुक्त रूप से कहा कि आंदोलन के तहत सभी कर्मचारी एकत्रित होकर विभिन्न स्थानों पर शांतिपूर्ण एवं रचनात्मक गतिविधियों में शामिल होंगे इसी के तहत अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा गुरूवार को नगर निगम कार्यालय में सभी जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति में उनके स्टाप को एवं प्रशासनिक अधिकारी उपायुक्त एस.एस.बघेल, सहायक आयुक्त तबस्शुम खान, सहायक यंत्री संजय तिवारी को पुष्पमाला भेंटकर विरोध प्रदर्शन किया गया। शुक्रवार को म.प्र.नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष शईदउद्दीन कुरैशी के नेतृत्व में सायं 5 बजे से सभी कर्मचारी पीली कोठी वाले बाबा जी के दरबार में नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा नगर निगम सागर के अधिकारियों को सदबुध्दि प्रदान करने हेतु दुआ करने जायेंगे।



### प्रधानमंत्री के 'खेलो इंडिया' से तैयार हो रही युवाओं की सशक्त पीढ़ी : अविराज सिंह

**सागर।** युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि भूपेन्द्र भैया ट्रॉफी केवल एक क्रिकेट प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं की प्रतिभा को मंच देने का माध्यम है। पिछले 12 वर्षों में इस प्रतियोगिता से हजारों युवा जुड़े हैं और आज बुंदेली क्रिकेट को नई पहचान मिली है। इसी क्रम में भूपेन्द्र भैया ट्रॉफी 2026 का भव्य शुभारंभ बांदरी एवं खुरई के स्टेडियम मैदान में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेलप्रेमी नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अपने संबोधन में युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि इन 12 वर्षों में भूपेन्द्र भैया ट्रॉफी से लगभग 5000 से अधिक युवा खिलाड़ी जुड़ चुके हैं। यही कारण है कि आज बुंदेली क्रिकेट लीग में 26 विधानसभा क्षेत्रों की टीमें भाग ले रही हैं और खुरई विधानसभा की टीम ने उस लीग में प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि 12 वर्ष पूर्व खुरई विधानसभा में न तो स्टेडियम था, न इंडोर स्टेडियम, न लाइब्रेरी, न जिम, न वाटर स्पोर्ट्स और न ही बैडमिंटन कोर्ट जैसी सुविधाएं थीं। आज उसी विधानसभा में 18 करोड़ रुपये की लागत से वर्ल्ड लेवल स्टेडियम और इंटरनेशनल लेवल वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनकर तैयार होने जा रहा है।

### श्रीराम चौक पर पेशाब घर का निर्माण करवाने वाले उपयंत्री को बर्खास्त करने सौंपा ज्ञापन



**सागर।** बड़ा बाजार स्थित श्रीराम चौक पर पेशाब घर के निर्माण से धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले नगर पालिक निगम के उपयंत्री बब्लेश साहू को बर्खास्त करने की माँग को लेकर शिवसेना संघठन ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मे उलेखित है की बिना कार्यादेश के उपयंत्री ने किसके निर्देश पर बिना आयुक्त महापौर की अनुमति के पेशाब घर का निर्माण कराया जिस स्थान पर मंदिर व भगवान राम के नाम से चौक बना है वहा पेशाब घर बनाने की अनुमति किसके निर्देश पर दी गयी। नगर पालिक निगम सागर के उपयंत्री बब्लेश साहू ने धार्मिक भावनाओं को आहत करने के उदेश्य से उक्त निर्माण कराया है जो कदाचरण की श्रेणी मे आता है। शिवसेना उपराज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने कहा की कयी दिनों से हिन्दू मंदिरों हिन्दू धार्मिक स्थलों को निशाना बना कर धार्मिक भावनाएं आहत की जा रही है। नगर निगम आयुक्त ने मात्र नोटिस दिया है जबकि उपयंत्री बब्लेस साहू को बर्खास्त किया जाना चाहिये। जिला प्रमुख दीपक लोधी ने कहा की हिन्दू मंदिरों पर इस तरह के निर्माण बर्दाश नहीं किये जायेंगे। विधार्थी शिवसेना जिला प्रमुख एड.अमन ठाकुर ने कहा उपयंत्री बब्लेश साहू की शिकायत संभाग के कमिश्नर एवं नगरीय प्रशासन के संयुक्त संचालक से भी की जाएगी एवं प्रशासन से बब्लेश साहू पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने और सामाजिक सौहाद्र बिगाड़ने के मामले मे मामला पंजीबद्ध करवाने की माँग करेंगे । जिला प्रभारी विकास सिंह ने श्रीराम चौक पर पेशाब घर निर्माण किये जाने की कड़ी निंदा करते हुये उपयंत्री को बर्खास्त की जाने की माँग की। ज्ञापन सौंपने वालों मे संजू केशरवानी, देव कुमार तिवारी, हेमराज आलू अजय बुंदेला, मयंक रजक, पंकज दुबे, योगेन्द्र श्रीवास्तव, आदि जैन , लकी पवार सहित अन्य शिवसैनिक उपस्थति रहे।

## मारुति नगर में सात दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा प्रारंभ, निकाली कलश यात्रा

### नगर परिषद सहित अन्य धार्मिक श्रद्धालुओं ने स्थान स्थान पर किया पूजन स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶बरेली

श्रीराधा महिला मंडल के तत्वाधान में वर्ष 2026 के प्रथम दिवस एक जनवरी को मारुति नगर में सात दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ कथा प्रारंभ होने से पूर्व प्राचीन श्री जी मंदिर से महिलाओं द्वारा भव्य विशाल कलश शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों पर निकाली गई। जिसका नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी पार्षदों एवं नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा पूजन स्वागत किया गया।

बरेली को कथाओं की नगरी कहा जाता है 31 दिसंबर को श्रीजी महिला मंडल के तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन हुआ था की 1 से 7 जनवरी तक होने वाली सात दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा का प्रारंभ हो गया।प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक संत साध्वी सुनीता देवी पूर्व डीएसपी अयोध्या धाम द्वारा शिव महापुराण कथा के प्रमुख प्रसंगों का वर्णन कर भगवान शंकर और मां पार्वती की भक्ति साधना का संदेश दिया जाएगा।



#### धूमधाम से निकली कलश यात्रा

नगर की परंपरा अनुसार गुरुवार को नगर के प्राचीन श्री जी मंदिर से श्री राधा महिला मंडल की कलश शोभा यात्रा प्रारंभ हुई कथा व्यास सुनीता देवी को रथ पर बैठाकर सैकड़ो की संख्या में महिलाएं कलश शोभा यात्रा में सम्मिलित हुई।नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, राजेश साहू, हिउस के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम पालीवाल, पार्षद पूरन धाकड़, शारदा सराठे, हिउस अध्यक्ष दिनेश बबेले, हीरा धाकड़ ,मनमोहन शर्मा ,केशव यादव, सुदामा प्रसाद सोनी सहित अन्य उपस्थित रहे। आतिशबाजी करते निकली कलश शोभायात्रा काश्रद्धालुओं द्वारा स्थान पूजन स्वागत किया।

वाहन चालक से की मारपीट, लगी रही भीड़

## हर्सली टोल पर राशि वसूली में मनमानी, अधिकारी चुप

### 50 किमी में दो टोल वसूली जा रही राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶बरेली



भोपाल से जबलपुर के बीच 50 किलोमीटर के अंदर दो टोल पर वाहन चालकों से निरंतर राशि की वसूली की जा रही है जो नियमों के विरुद्ध है वहीं दूसरी ओर टोल प्लाजा पर जेंसी सुविधा होना चाहिए उनका अभाव बना हुआ है फोरलेन 45 मार्ग स्थान स्थान पर क्षतिग्रस्त बना हुआ है।वाहनों का संतुलन बिगड़ता रहता है। इस सब के बाद भी टोल की राशि वसूलने में कर्मचारियों की मनमानी हर्षली और उदयपुरा के पास खिरिया टोल नाके पर बनी रहती है।

31 दिसंबर को हर्षली टोल नाके पर राजा नोरिया वाहन चालक के वाहन का फास्टैग से भुगतान कट जाने के बाद भी बेरियल नहीं खुला चालक ने बेरियल खोलने का कर्मचारी से अनुरोध किया कि तो मुकेश नामक कर्मचारी ने गाली गलौज शुरू कर दी टोल मैनेजर ने वाहन चालक राजा को जबरन खींचकर नीचे उतारा टोल नाके पर घटना के समय भीड़ लग गई।

घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें विवाद घटना के समय पुलिस कर्मी भी दिखाई दे रहा है।ऐसी घटनाएं हर्षली और खिरीया टोल नाके पर होती रहने से वाहन चालकों में भय बना रहता है।

### जीवन जीने की राह बताती है रामायण: देवी रत्नमणि द्विवेदी

## खेड़ापति माता मंदिर खरगोन में चल रही श्री राम कथा का हुआ समापन, बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶बरेली

खेड़ापति माता मंदिर खरगोन में चल रही श्री राम कथा के समापन अवसर पर राष्ट्रीय कथा व्यास रत्नमणि द्विवेदी ने कहा कि रामायण पवित्र ग्रंथ के कई पहलू हैं जो हिंदू धर्म में परिवर्तन कारी धार्मिक सांस्कृतिक और पारंपरिक नैतिकता से परिपूर्ण है। श्री रामचरितमानस हमें जीवन जीने की राह बताती है।

प्रेम सबसे बड़ी ताकत है रामायण से एक जरूरी सबक ले सकते हैं वह है बिना शर्त प्रेम करना। श्री राम का अपनी पत्नी सीता के प्रति अटूट प्रेम ने उन्हें सीता को बचाने के प्रयास में भयंकर युद्ध करने और दुष्ट राजा रावण का वध करने के लिए प्रेरित किया। शुद्ध और निस्वार्थ प्रेम का पाठ सबसे कठिन समय में अपार शक्ति का रहस्य है। रावण के अहंकार और अहं ही उनकी मृत्यू की वजह बना। रावण राजा थे, ऐसे में उनके घमंड और अहंकार ने उसे ऐसा महसूस कराया कि वह जो चाहे उसे पूरा कर सकता है। उनके दुर्भावनापूर्ण इरादे और अभियान अंत में उनके निधन का कारण बने। ऐसे में अपने जीवन में अहंकार और अहं से दूर रहे।



#### निस्वार्थ मन से काम करना

रावण द्वारा माता सीता के अपहरण के जवाब में, भगवान राम ने उन्हें बचाने के लिए कठिन संघर्ष किया, और अपनी पत्नी के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए दृढ़ संकल्प लिया। जीवन में हमेशा कोशिश करें कि निस्वार्थ मन से ही फैसला लें रामायण का सबसे महत्वपूर्ण सबक यह है कि बुराई पर अच्छाई की हमेशा जीत होती है, चाहे बुराई कितनी भी बड़ी और शक्तिशाली क्यों न हो। ऐसे में जीवन में अगर आपके साथ कुछ गलत हो रहा है तो इस पर निराश ना हो और ना ही गुस्से में आकर फैसला लें। बल्कि सब्र रखें क्योंकि एक ना एक दिन अच्छाई की ही जीत होगी।

## शासकीय बालक हाई सेकंडरी में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶बरेली

◆ 40 से अधिक विज्ञान मॉडल का छात्रों ने किया प्रदर्शन



शासकीय बालक हाई सेकेंडरी स्कूल के स्वामी विवेकानंद सभागार में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ जिसमें अध्यनरत छात्र-छात्राओं द्वारा 40 से अधिक विज्ञान के मॉडल का प्रदर्शन किया गया। विभिन्न सिद्धांतों के आधार पर प्रदर्शित विज्ञान मॉडल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए विज्ञान प्रदर्शनी का एसडीएम संतोष मुद्गल द्वारा उद्घाटन और छात्रों की प्रदर्शित मॉडलों का निरीक्षण कर उनके संबंध में सवाल किए जाने पर छात्रों द्वारा समाधान किया गया।

छात्रों के समूह ने विज्ञान के मॉडल का प्रदर्शन कर उनके सिद्धांतों को सरल व्यावहारिक भाषा में समझाया गया प्राचार्य के के वानी ने कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों को सैद्धांतिक शिक्षा के साथ व्यवहारिक ज्ञान से जुडन्ना परीक्षा परिणाम में सुधार लाना और बहुकल्पनिया प्रश्नों में बेहतर प्रदर्शन करना रहा।

#### बेहतर परीक्षा परिणाम

उद्घाटन अवसर पर एसडीएम संतोष मुद्गल ने विज्ञान की हो रही उन्नति और अंतरिक्ष कार्यों का वर्णन किया छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए लगन उच्च स्तरीय सोच अनुशासन और समय का प्रबंध जरूरी है लगन परिश्रम से बेहतर परीक्षा परिणाम आएगा सभी का आभार प्राचार्य के के वानी ने व्यक्त किया।

**बौद्ध स्तूपों को निहारने पहुंचे पर्यटक**

**रात 12 बजते ही रंगीन आतिशबाजी कर नववर्ष 2026 का किया स्वागत**

लोगों ने नववर्ष की शुरुआत प्रभु-दर्शन से की

ऐतिहासिक स्थलों पर भी जुटी रही लोगों की भीड़

# नए साल में उमड़ा पर्यटकों का हुजूम | मंदिरों में श्रद्धालुओं की रही 'रिकॉर्ड तोड़ भीड़'

## ऐतिहासिक धरोहरों पर नए साल का जश्न मनाने पहुंचे पर्यटक





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

लोगों ने नए साल 2026 का जश्न गुरुवार को बड़े ही उत्साह एवं धूमधाम के साथ मनाया। सुबह से ही लोग पूजन-आरती कर परिवार सहित शहर के देवी-देवताओं के मंदिरों में पहुंचे। यहां भगवान की शरण में माथा टेक कर परिवार की खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना परमपिता परमेश्वर से की गई। मंदिरों में सुबह से लेकर दोपहर तक श्रद्धालुओं का पूजा अर्चना दर्शन के लिए तांता लगना शुरू हो गया था।

वहीं कई जगहों पर विशेष पूजा, आरती और भंडारे का आयोजन भी किया गया। मंदिर समितियों की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अतिरिक्त इंतजाम किए गए, वहीं पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली।

नए साल 2026 पर जिले के दादाजी श्री हनुमान दरबार छींद धाम बरेली, कंकाली देवी मंदिर गुदावल, हरसिद्धि मंदिर परवरिया, माता हिंगलाज मंदिर बाड़ी, भोजेश्वर शिव मंदिर भोजपुर, सिद्ध श्री रामरसिया दरबार सिहोरा खुर्द, पठरिया वाले सिद्ध हनुमान मंदिर आदि देवी देवताओं के मंदिरों में भारी भीड़ दिनभर पूजन दर्शन के लिए उमड़ती रही।

### शहर के मंदिरों में भी भारी भीड़ उमड़ी

शहर के सिद्ध बालाजी मंदिर गंज बाजार मारुति नंदन मंदिर पाटन देव, मेहगांव स्थित बालाजी, श्री हनुमान मंदिर खुनखुन बाग, पंचमुखी श्रीहनुमान मंदिर गोपालपुर और श्री हनुमान मंदिर रामपुर, महाकाली मंदिर गंजबाजार, श्रीराधा किशन मंदिर, शनिदेव मंदिर, रामलीला ग्राउंड शिव मंदिर प्रजापति समाज, दरगाह शरीफ सहित शहर के प्रमुख मंदिरों में लोग परिवार सहित दरबार में माथा टेकने और दर्शन पूजन के लिए पहुंचते रहे।




जिले के बौद्ध स्तूप विश्व धरोहर सांची, हलाली डैम, बारना डैम सहित दरगाह शरीफ मजार, रायसेन के ऐतिहासिक किला, सीता तलाई, सुनारी के बौद्ध स्तूप, मिनी पचमढ़ी आदि जगह पर लोग परिवार सहित सैर सपाटे, पार्टी-पिकनिक मनाने पहुंचे। जहां लोग नए साल के जश्न में डूबे रहे। इन ऐतिहासिक धरोहर, वर्ल्ड हैरिटेज भीमबैठका, आशापुरी और ऐतिहासिक इमारतों को देखने के लिए दो दिन पहले से हजारों पर्यटक राजधानी भोपाल, सागर जबलपुर, विदिशा, रायसेन सहित आसपास के जिलों के लोग परिवार सहित पहुंच गए थे।

### नए साल पर मंदिरों में उमड़ी भीड़

नए साल के पहले दिन रायसेन शहर आस्था और सेवा के रंग में रंगा नजर आया। सुबह से मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने पूजा-अर्चना और अभिषेक कर भगवान को बेलपत्र व फूल अर्पित किए और नए साल में सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। वहीं मंदिरों के बाहर सेवा भाव भी देखने को मिला। जरूरतमंद लोगों को चाय, भोजन, गर्म कपड़े और आर्थिक मदद दी गई। आयोजकों ने लोगों से अपील की कि नए साल का जश्न नशे से दूर रहकर और जिम्मेदारी के साथ मनाएं। नववर्ष के मौके पर समाजसेवी संगठन अनाथ आश्रमोंमहात्मा गांधी वृद्धाश्रम में पहुंचे। वहां बच्चों बुजुर्गों को उपहार और मिठाइयां बांटी।

**हनुमान जी, गणेश जी को प्रसाद चढ़ाकर लिया आशीर्वाद**

## प्रसिद्ध छींदधाम दादाजी दरबार में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर टेका मत्था




**बरेली।** कुछ वर्षों पूर्व तक नए वर्ष का जश्न आधी रात को आतिशबाजी नाच गाने और हंगामे के साथ मनाया जाता था। अब नए भारत और धार्मिक अभ्युत्थान में नए वर्ष का जश्न नहीं ईश्वर की शरण में पहुंचकर विशेष पूजा कर समृद्धि की कामना के साथ मनाने लगे हैं।

गुरुवार को सुबह से ही नगर के संकट मोचन मंदिर, प्राचीन हनुमानगढ़ी मंदिर, छींदधाम हनुमान मंदिर, ऊंची पहाड़ी पर विराजे तिल गणेश के मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं की दर्शन करने एवं आरती पूजन के लिए उपस्थिति बनी रही। विंध्य की ऊंची पहाड़ी पर विराजे तिल गणेश मंदिर में अखंड रामायण पाठ, भंडारे का विशाल आयोजन हुआ। प्राचीन हनुमान गढ़ी मंदिर में भी हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने सिद्ध हनुमान जी एवं श्री राम दरबार के दर्शन किए। इसी प्रकार बापौली धाम में भी शिवलिंग के दर्शन किए।

### छींद धाम में उमड़ा जन सैलाब

संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में ख्याति प्राप्त छींद धाम हनुमान मंदिर में 31 दिसंबर और 1 जनवरी को छींद वाले हनुमान दादा के दर्शन करने प्रातः कालीन आरती से ही हनुमान भक्तों का मेला लगा रहा छींद धाम मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के प्रांगण में निरंतर सुविधाओं का विकास मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार रघुवंशी द्वारा किया जा रहा है। दिन भर में 25 - 30 हजार श्रद्धालु छींद धाम पहुंचे मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण से भीड़भाड़ में धक्का मुक्की और जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस द्वारा यातायात और सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए थे। मुख्य पहुंच मार्ग पर फैला अतिक्रमण और लगी दुकानें श्रद्धालुओं के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन रही है।

## सतधारा स्तूप पर सेल्फी का लुफ्त उठाते दिखे पर्यटक



**सलामतपुर।** साल के पहले दिन गुरुवार को ऐतिहासिक पर्यटन स्थल सतधारा में नववर्ष का उत्साह चरम पर नजर आया। वर्ष 2026 को यादगार बनाने के लिए लोग परिवार सहित बड़ी संख्या में सतधारा स्तूप सहित सांची स्तूप भी पहुंचे, जहां मेले जैसा माहौल देखने को मिला। भगवान बुद्ध की पावन स्थली सांची पर्यटन स्थल में सुबह से ही पर्यटकों का तांता लगा रहा। विदिशा, रायसेन, भोपाल, इंदौर सहित प्रदेश व देश के विभिन्न हिस्सों से आए हजारों सैलानियों ने स्तूप परिसर में दिन बिताया। पर्यटकों ने टिफिन पार्टी की, सेल्फी व फोटोग्राफी का आनंद लिया और नए साल का जमकर जश्न मनाया।

पर्यटकों की भारी भीड़ के चलते स्तूप पहाड़ी की ओर जाने वाले मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थिति को देखते हुए कई वाहनों को पार्किंग स्थल से नीचे ही रोक दिया गया, जिससे अधिकांश पर्यटकों को पैदल ही स्तूप पहाड़ी तक जाना पड़ा।

## भगवान के दर पर मनाया नववर्ष, सोजनी धाम में उमड़ा भक्तों का सैलाब



**सिलवानी।** नववर्ष के स्वागत को लेकर लोगों की सोच में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। होटल और पार्टी स्थलों की बजाय अब नागरिक नववर्ष का शुभारंभ श्रद्धा और आस्था के साथ करना अधिक पसंद कर रहे हैं। इसी भावना के तहत नूतन वर्ष 2026 का आगाज गुरुवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सोजनी धाम पहुंचकर किया। नववर्ष के प्रथम दिवस तहसील मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूर स्थित सोजनी धाम में भारी भीड़ देखी गई। श्रद्धालुओं ने यहां पहुंचकर भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान जी, श्रीराम दरबार, मां काली सहित अन्य देवी-देवताओं की विधिविधान से पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने अपने परिवार, समाज और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, एवं खुशहाली की कामना की। सोजनी धाम परिसर में दिनभर धार्मिक गतिविधियां चलती रहीं।

- धार्मिक आस्था के साथ हुआ नववर्ष 2026 का शुभारंभ

## क्षेत्र की गीदगढ़ गुफा पर स्थित सिद्ध बाबा मंदिर में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग



**दीवानगंज।** क्षेत्र की गीदगढ़ गुफा पर स्थित सिद्ध बाबा मंदिर में गुरुवार को नववर्ष के पहले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही भक्त दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में पहुंचते रहे। लोगों ने भगवान से नए साल में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसरों में विशेष पूजा, आरती और भजन-कीर्तन का आयोजन किया। व्यवस्था बनाए रखने के लिए समिति व प्रशासन द्वारा उचित इंतजाम किए गए थे। श्रद्धालुओं में उत्साह और आस्था का माहौल नजर आया। गुफा मंदिर पर स्थित सिद्ध बाबा के दर्शन के लिए क्षेत्र के कई गांवों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे।

- सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में पहुंचते रहे।

## खबर संक्षेप

### धान चोरी के आरोपियों पर प्रकरण दर्ज

**सिलवानी।** धान चोरी करने वाले 4 आरोपियों पर पुलिस ने चोरी की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवचेना में लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी तेजराम राय व बसीम खां की रिपोर्ट पर 9 बोरी धान चोरी करने के आरोप में अरसान खान, इसरार खान, मुल्ली खान तथा जितेंद्र यादव निवासी सिलवानी पर बीएनएस की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवेचना में लिया है।

### जेडीयू के जिला अध्यक्ष बने आसिफ कुरैशी

**गैरतगंज।** जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष एम हसन की अनुशंसा पर पार्टी ने नगर के मेहनती एवं लगनशील युवा आसिफ कुरैशी को रायसेन जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर उनके शुभचिंतकों एवं मित्रों ने उन्हें बधाई दी एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया है।



### हाईवे 18 पर दो कारों में हुई टक्कर, टला हादसा

**दीवानगंज।** ग्राम के पास एक कार भोपाल की तरफ जा रही थी, तभी सामने से आ रही कार को ओवरटेक करने के दौरान एक दूसरे से भिंड गई। हालांकि दोनों कर में बैठे किसी भी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई। वहीं दूसरी घटना में ग्राम कुलहड़िया पर बाइक चालक सोनू राजपूत भोपाल से विदिशा की तरफ जा रहा था, तभी सामने से एक भैंस आ गई, जिसको बचाने में सड़क पर गिरने से घायल हो गया।

## कलेक्टर ने सांची जनपद में गोशाला व फलोद्यान बगिया का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



गुरूवार को कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा सांची जनपद क्षेत्र में गौशाला, फलोद्यान बगिया तथा निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। कलेक्टर द्वारा सांची जनपद में हलाली डेम के समीप स्थित बृजमोहन रामकली गौशाला का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने गौशाला में गौवंश की संख्या, उनके चारा प्रबंधन, टीकाकरण आदि के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इसके उपरांत कलेक्टर द्वारा ग्राम हिनोतिया में एक बगिया मॉ नाम परियोजना के तहत फलोद्यान बगिया का निरीक्षण किया गया तथा हितग्राही श्रीमती विमला बाई पति दौलत सिंह से जानकारी ली गई। हितग्राही श्रीमती विमला बाई द्वारा बगिया में आम वैरायटी के 50 पौधे रोपित किए गए हैं तथा स्वीकृत लागत 129000 रू है। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा द्वारा ग्राम गुंदरई में निर्माणाधीन पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया गया।

इस अवसर पर एसडीएम मनीष शर्मा, डेयरी एवं पशुपालन विभाग के उप संचालक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## दो बाइकों में आमने-सामने से भिड़ंत दो की मौके पर मौत, दो गंभीर घायल

सांची रोड पर भीषण सड़क हादसा, नए साल की खुशियां मातम में जा बदली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



नए साल की खुशियां उस समय मातम में तब्दील हो गई, जब गुरुवार की शाम करीब 6 बजे सांची मार्ग स्थित बारला-खनपुरा के बीच दो मोटसाइकिलों की आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई।

पुलिस ने बताया कि इस भीषण हादसे में बाइक सवार प्रवीण वर्मा उर्फ छुट्टन 40 साल निवासी पटेल नगर निवासी रायसेन एवं दूसरे मृतक की पहचान नहीं हो पाई। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों मोटरसाइकिलें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि 108 एंबुलेंस पहुंचने में देरी हुई, जिससे हादसे के बाद घायल और मृतक सड़क पर पड़े रहे। लोगों ने अपने निजी वाहनों से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में शल्य सर्जन डॉ. अभिषेक सागर ने घायलों की जांच की और दो लोगों की मौत की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि दो लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि दो अन्य घायल थे। घायलों में से एक की हालत गंभीर होने के कारण उसे भोपाल रेफर किया गया है, जबकि दूसरे का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

घायलों में पहचान राजीव धाकड़ और गोविंद रजक के रूप में हुई। राजीव धाकड़ को गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया है, जबकि गोविंद का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस अज्ञात मृतक की पहचान करने में जुटी हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सभी युवक नववर्ष पर घूमने निकले थे, तभी यह हादसा हुआ।

**रायसेन जिले का किया नाम रोशन**

## ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण व कांस्य पदक, दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

ताइक्वांडो सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शरद भार्गव ने स्वर्ण पदक, शिवानी मालवीय ने कांस्य पदक प्राप्त कर रायसेन शहर का नाम देश प्रदेश में रोशन किया। इन ताइक्वांडो खिलाड़ियों को मिली सफलता पर एसपी आशुतोष गुप्ता, एएसपी कमलेश खरपुसे, एसडीओपी प्रतिभा शुक्ला, क्लब के मास्टर कोच दिनेश दिवाकर, जिला क्रिकेट एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष मुदित शेजवार, आरआई पुलिस कविता डामोर, सूबेदार प्रदीप रघुवंशी, नीतू ठाकुर जिला खेल अधिकारी जलज चतुर्वेदी द्वारा खिलाड़ियों को पदक और फूल मालाएं पहनाकर कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

हाल में ही आयोजित 41वीं सीनियर राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 14 दिसंबर जीएमसी वालायोगी इनडोर स्टेडियम हैदराबाद, तेलंगाना में किया। प्रतियोगिता में पुलिस ताइक्वांडो क्लब के सीनियर खिलाड़ी शरद भार्गव एवं शिवानी मालवीय ने मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर पदक प्राप्त किए।

**डॉ गौरीशंकर शेजवार टैलेंट हंट लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन**

## रायसेन टाइटन क्रिकेट क्लब बनी विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा शहर के खेल स्टेडियम में स्कूल लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता रविवार से शुरू हुई जो कि भोपाल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से जिला क्रिकेट संघ रायसेन द्वारा जिले के छोटी उम्र के क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए मंच प्रदान करने के उद्देश्य एवं युवा प्रतिभाओं को आगे लाने के प्रयास में मील का पत्थर साबित होगी।

मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों द्वारा पिछले महीने रायसेन जिले का दौरा किया गया था, जिसमें प्रतिभाओं को बड़े स्तर पर खेलने के लिए और क्रिकेट संघ की गतिविधियों बढ़ावा देने के लिए प्रयास की बात कही गई थी। उसी के तारतम्य में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में प्रथम डॉ गौरीशंकर शेजवार टैलेंट हंट प्रोग्राम इंटर स्कूल लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




मंगलवार को खेल स्टेडियम में प्रतियोगिता का फाइनल मैच रायसेन टाइटन क्लब और उमरावगंज 11 के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रायसेन टाइटन क्लब ने 180 रन जुटाए। जवाबी पारी में उमरावगंज क्रिकेट टीम सिर्फ 160 रन के स्कोर पर ढेर हो गई।

क्रिकेट के फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच ऑल राउंडर प्लेयर बेस्ट वालर का खिताब ओवैस खान, बेस्ट बल्लेबाज का किताब अरुण मीणा, वेस्ट फील्डर हर्षित और मेन ऑफ द सीरीज ताहूर जफर रहे।

### क्रिकेट खिलाड़ियों वितरित किए पुरस्कार व ट्राफी

फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में जनसेवा हॉस्पिटल के संचालक अजहर कुरेशी, मुकेश शर्मा भाजपा के वरिष्ठ नेता रामकुमार साहू मनोज यादव मामा, कैलाश ठाकुर, इरफान खान विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा विजेता टाइटन क्रिकेट टीम रायसेन को 21000 का पुरस्कार दिया। उप विजेता उमरावगंज की टीम कोच 11000 इनाम की राशि प्रदान की गई।

युवा नेता एवं क्रिकेट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मुदित शेजवार ने बताया कि ऐसे खेलों के आयोजन भविष्य में होते रहेंगे। हमारा संगठन युवा खिलाड़ियों को मंच प्रदान करता रहेगा और खेल गतिविधियों को हरदम बढ़ावा दिया जाएगा।